प्रेस नोट थाना मदनापुर

जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

सराहनीय कार्य दिनांक – 10.05.2026

थाना मदनापुर पुलिस, एसओजी, सर्विलांस एवं फील्ड यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर किया गया खुलासा।

पुलिस अधीक्षक, जनपद शाहजहाँपुर महोदय, श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना मदनापुर के कुशल नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एवं चिन्हित अपराधियों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मदनापुर पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण –

दिनांक 07.05.2026 को वादी दिनेश पुत्र रामसरन निवासी ग्राम चन्दपुर, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा थाना मदनापुर पर लिखित तहरीर प्रस्तुत की गई, जिसमें उल्लेख किया गया कि अभियुक्त वाइस्तवा रामवीर पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम रामनगर, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर की सह एवं षड्यंत्र के फलस्वरूप वादी के भाई हरिओम पुत्र रामसरन की हत्या कर दी गई है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मदनापुर पर मु0अ0सं0 104/2026 धारा 103(1) बीएनएस बनाम नामजद अभियुक्तगण पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।उक्त अभियोग की विवेचना, साक्ष्य संकलन, घटनास्थल निरीक्षण, प्राप्त तथ्यों के विश्लेषण तथा मुखबिर/सर्विलांस से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर प्रकाश में आए अभियुक्त अभिषेक पुत्र सुरेश निवासी ग्राम चन्दपुर, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर की घटना में संलिप्तता प्रमाणित हुई। इसी क्रम में आज दिनांक 10.05.2026 को थाना मदनापुर पुलिस, एसओजी टीम एवं सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही के दौरान मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर अभियुक्त अभिषेक उपरोक्त को चन्दोखा तिराहे के पास से समय प्रातः 08:40 बजे विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरान्त अभियुक्त से नियमानुसार पूछताछ एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। तत्पश्चात गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अभिषेक पुत्र सुरेश उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम चंदपुर थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर।

पंजीकृत अभियोग का विवरण:-

मु0अ0सं0 104/2026 धारा 103(1) बीएनएस थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक/समय-

चन्दोखा तिराहा, दिनांक 10.05.26 समय करीब 08.40 बजे

बरामदगी का विवरण:-

आला कत्ल एक अदद लोहे का पाइप बरामद हुआ।

विवरण पुछताछः- गिरफ्तार अभियुक्त अभिषेक पुत्र सुरेश निवासी ग्राम चन्दपुर, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर से नियमानुसार पूछताछ की गई तो अभियुक्त द्वारा अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया गया कि वह अपने गांव की एक युवती से प्रेम करता था तथा वर्ष 2024 से दोनों के मध्य बातचीत हो रही थी। वह उक्त युवती से विवाह करना चाहता था, किन्तु आजीविका के सिलसिले में उसके चण्डीगढ़ चले जाने के बाद मृतक हरिओम द्वारा उसकी प्रेमिका से बातचीत की जाने लगी। जब उसे इसकी जानकारी हुई तो वह दिनांक 20.04.2026 को चण्डीगढ़ से वापस गांव आया तथा मृतक हरिओम को समझाया कि वह उसकी प्रेमिका से दूरी बनाए रखे, क्योंकि वह अभी भी उससे विवाह करने के लिए तैयार है, किन्तु मृतक द्वारा उसकी बात को अनसुना करते हुए लगातार बातचीत जारी रखी गई। अभियुक्त ने बताया कि उसे जानकारी प्राप्त हुई कि दिनांक 07.05.2026 को मृतक हरिओम उसकी प्रेमिका को मिलने के लिए बुला रहा है। इसी कारण उसने दिनांक 07.05.2026 को सुबह से ही मृतक हरिओम से फोन पर बातचीत शुरू की तथा उसे बातों में फंसाकर गुरूराज सिंह के यूकेलिप्टिस के बाग में बुला लिया। घटना वाले दिन वर्षा हो रही थी, इसलिए वह चादर ओढ़कर मौके पर पहुंचा तथा चादर में लोहे की पाइप छिपाकर ले गया था। अभियुक्त ने बताया कि मृतक के मौके पर आने पर उसने एक बार पुनः उसे अपनी प्रेमिका से दूर रहने के लिए कहा, किन्तु मृतक द्वारा उसकी प्रेमिका के संबंध में अपमानजनक शब्द कहे गए, जिससे वह अत्यधिक आक्रोशित हो गया। आवेश में आकर उसने अपने पास मौजूद लोहे की पाइप से मृतक हरिओम के सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर नीचे गिर पड़ा। इसके उपरांत उसने मृतक के सीने पर बैठकर लोहे की पाइप से उसके सिर पर कई बार प्रहार किया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना कारित करने के उपरांत वह मौके से फरार हो गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री विश्वजीत प्रताप सिंह, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर।
2. एसओजी/सर्विलांस प्रभारी श्री मनोज कुमार गौतम मय टीम।
3. उ0नि0 श्री लालबहादुर सिंह, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर।
4. का0 रोनिश कुमार, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर।
5. का0 आकाश कुमार, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर।
6. का0 भानु प्रताप सिंह, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर।
7. फील्ड यूनिट टीम।